भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं.

समाचार

खण्ड 22 संख्या 03 अक्तूबर-दिसंबर, 2017

- अनुसंधानिक उपलब्धियाँ
- मानव संसाधन विकास
- पुरस्कार एवं सम्मान
- गतिविधियों के परिदृश्य
- प्रकाशन
- प्रस्तुत व्याख्यान
- सहभागिता
- परामर्शी/सलाहकारी सेवाएँ
- कार्मिक

निदेशक की कलम से .....

समाचार पत्र के इस अंक में प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान प्रमुख प्राप्त अनुसंधान उपलब्धियों, आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं तथा संस्थान की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है।

जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात और भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली के वैज्ञानिकों की एक टीम ने विश्व में पहली बार तना सड़न कवक जीनोम (~73 Mb) को सफलतापूर्वक अनुक्रमित किया है और 16830 जीन्स की पहचान की है (https://www.nature.com/articles/s41-017-05478-8). इस खोज से जीनोम आधारित समाधान, विशेष रूप से, तना सड़न रोग प्रबंधन के लिए नई पीढ़ी के कवकनाशक के अभिकल्पना का मार्ग प्रशस्त होगा जिसके परिणामस्वरूप विश्व के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में मूंगफली फसल की बेहतर उत्पादकता प्राप्त होगी।

मुंबई बाजार में सरसों के दैनिक थोक मूल्य में लॉन्ग मेमोरी की संरचना का अन्वेषण करने का प्रयास किया गया। अरफिमा मॉडल के लॉन्ग मेमोरी प्राचल के आकलन का प्रतिरूपण कर पूर्वानुमान किया गया जिसमें एएनएन मॉडल का प्रयोग किया गया। अंततः, अरफिमा मॉडल से प्राप्त पूर्वानुमानित मानों तथा एएनएन मॉडल से प्राप्त रिजिडूअल्स के पूर्वानुमानों को एकीकृत कर अरफिमा एवं हाइब्रिड मॉडल के बीच पूर्वानुमान यथार्थताओं की तुलना की गई। परीक्षण अध्ययन से विभिन्न माप सूचकांकों के आधार पर, अरफिमा मॉडल की तुलना में, प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल की श्रेष्ठता सिद्ध हुई।

भाकृअनुप-आईवीआरआई के सहयोग से पशु प्रजनन (*पशु प्रजनन ऐप*) के लिए एक मोबाइल ऐप अभिकल्पित और विकसित किया गया। मोबाइल ऐप उचित ताप की खोज करने और कृत्रिम गर्भाधान (एआई) के लिए अतिरिक्त रूप से सूचना उपलब्ध कराता है ताकि किसानों के बीच एआई को बढ़ावा दिया जा सके। मोबाइल ऐप बड़े पशुओं की अनेक प्रजनन संबंधी समस्याओं से निपटने हेतु पशुधन स्वामियों/उद्यमियों को शिक्षित करने और उनमें जागरूकता सृजित करने में सहायता करता है।

संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए गए जिनमें नेताजी सुभाष-भाकृअनुप अंतरराष्ट्रीय अध्येतावृत्ति, जी आर सेठ समृति युवा वैज्ञानिक पुरस्कार और कृषि विज्ञान गौरव पुरस्कार 2017 शामिल हैं। एक वैज्ञानिक ने एफएओ परामर्शी सेवा के लिए म्यांमार की यात्रा की। अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) सदस्य देशों के प्रतिभागियों के लिए संस्थान में दिनांक 22 नवंबर से 12 दिसंबर, 2017 के दौरान एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चार अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम और एक हिंदी कार्यशाला भी आयोजित की गई।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, संस्थान ने दो कॉपीराइट प्राप्त किए, अर्थात् एमएपीआई-एंड्रोइड-ऐप (मोबाइल समर्थित निजी साक्षात्कार) और फसल/जिसों के फसल-कटाई के समय पर उपज तथा फसल-कटाई के उपरांत उपज हानियों के आकलन के लिए डाटा एंट्री सॉफ्टवेयर। भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसाइटी का 71वां वार्षिक सम्मेलन दिनांक 25-27 नवंबर, 2017 के दौरान भाकृअनुप-तोरिया-सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया।

संस्थान की टीम ने भाकृअनुप मध्य क्षेत्र खेल प्रतियोगिता में भाग लिया जिसे दिनांक 09 - 13 नवंबर, 2017 के दौरान भाकृअनुप-सीआईएई, भोपाल में आयोजित किया गया था। संस्थान के वैज्ञानिकों ने परामर्शी/सलाहकार सेवाएं प्रदान कीं और विभिन्न पदस्तरों में अनेक सम्मेलनों/ संगोष्ठियों/ कार्यशालाओं आदि में सहभागिता की तथा आमंत्रित व्याख्यान भी दिए।

आशा है कि इस अंक की विषय-वस्तु राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली के वैज्ञानिकों के लिए सूचनाप्रद एवं उपयोगी होगी। समाचार-पत्र की विषय-वस्तु में सुधार लाने हेतु आपके सुझावों का स्वागत है।

(ए के चौबे)

भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खण्ड 21 संख्या 02 अक्तूबर-दिसंबर, 2017

अनुसंधान उपलब्धियां

लॉन्ग मेमोरी काल श्रृंखला डाटा के पूर्वानुमान के लिए हाइब्रिड अरफिमा मॉडल

संतोष राठोड़, के एन सिंह, रंजीत के. पॉल एवं मुन्मॉय रे

काल श्रृंखलाओं के बीच स्व-सहसंबंध त्वरित रूप से लुप्त होने की उम्मीद है क्योंकि समय के साथ-साथ प्रेक्षण भिन्न होते हैं। एरिमा मॉडल में कभी-कभी एसीएफ, लघु दायरे की आश्रितता प्रदर्शित करता है या उसमें काल पश्चता में वृद्धि के साथ चरघातांकी रूप से गिरावट आती है और कुछ श्रृंखलाओं में छय आश्चर्यजनक रूप से काफी कम दर के साथ घटित होता है। यह माना जाता है कि ऐसी श्रृंखलाओं मे लॉन्ग मेमोरी होती है और ये श्रृंखलाएं स्टॉक मार्किट मूल्यों में, आर्थिक विकास दर, मुद्रास्फीति दर, तेल मूल्य और जीडीपी आंकड़ों आदि में सामान्य रूप से मौजूद रहती हैं। क्लासिकल काल श्रृंखला मॉडल्स, यानी एरिमा मॉडल्स उक्त लॉन्ग मेमोरी परिदृश्य का वर्णन नहीं कर पाते हैं। अतः, इस समस्या का समाधान करने के लिए, मॉडल्स का एक सेट स्थापित किया गया जिनमें स्वसमाश्रयी भिन्नात्मक एकीकृत गतिमान औसत (अरफिमा) मॉडल सबसे अधिक लोकप्रिय है। कभी-कभी काल श्रृंखलाओं में प्रायः रैखिक एवं अरैखिक दोनों घटक होते हैं, जो विरल ही परिशुद्ध रैखिक या अरैखिक होते हैं। ऐसी स्थिति में, न तो अरफिमा और न ही कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (एएनएन) मॉडल्स लॉन्ग मेमोरी काल श्रृंखलाओं के प्रतिरूपण और पूर्वानुमान के लिए उपयुक्त होते हैं। एएनएन मॉडल अरैखिक मॉडल होते हैं जो डाटासेट में मौजूद विभिन्न अरैखिक संरचनों को अभिग्रहित करने में सक्षम होते हैं। एएनएन मॉडल विनिर्देशन डाटा सृजन प्रक्रिया की पूर्व अवधारणा की अपेक्षा नहीं करता है, बजाय इसके यह डाटा के लक्षणों पर अधिकतर निर्भर रहता है। काल श्रृंखलाओं के प्रतिरूपण और पूर्वानुमान के लिए सिंग्ल हिडन लेयर फील्ड फॉरवर्ड नेटवर्क सबसे अधिक लोकप्रिय है। एएनएन मॉडल की विशेषता यह है कि उसमें साधारण प्रक्रम इकाइयों की तीन लेयर्स का एक नेटवर्क होता है, और इसलिए इसे मल्टीलेयर एएनएन मॉडल कहा जाता है। इसकी पहली लेयर इनपुट लेयर होती है और अंतिम लेयर आश्रित चर की आउटपुट लेयर होती है। चूंकि अरफिमा मॉडल अरैखिकिता से नहीं निपट सकता है, जबकि एएनएन मॉडल स्वयं भी रैखिक एवं अरैखिक संव्यवहार को समानता से अभिग्रहित करने में सक्षम नहीं हैं। इन कठिनाइयों का समाधान करने के लिए हाइब्रिड विधियां विकसित की गईं। साहित्य में हाइब्रिड विधियों का अनुप्रयोग यह दर्शाता है कि विभिन्न विधियों का एकीकरण पूर्वानुमानों में सुधार लाने के लिए एक प्रभावकारी एवं बेहतर उपाय हो सकता है। प्रस्तावित कार्यपद्धति का आरेखीय चित्रण नीचे दर्शाया जा रहा है :



भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खण्ड 21 संख्या 02 अक्तूबर-दिसंबर, 2017

प्रस्तावित कार्यपद्धति

इस अध्ययन में, भारत के मुंबई बाजार में दिनांक 01 जनवरी, 2009 से 31 दिसंबर, 2012 की अवधि के दौरान सरसों के दैनिक थोक मूल्य में लॉन्ग मेमोरी की संरचना का अन्वेषण करने का प्रयास किया गया। डाटा, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त किया गया। अरफिमा मॉडल के लॉन्ग मेमोरी प्राचल का आकलन एमओडीडब्यूटी का प्रयोग करते हुए वेवलेट विधि के द्वारा किया गया और मुंबई बाजार में सरसों के दैनिक थोक मूल्य का पूर्वानुमान किया गया है। अगले चरण में, अरफिमा मॉडल्स से प्राप्त रिजिडूअल्स को अरैखिकता के लिए टेस्ट किया गया जिसमें बीडीएस टेस्ट का प्रयोग किया गया और रिजिडूअल्स को महत्वपूर्ण पाया गया। एएनएन मॉडल का प्रयोग करते हुए इन रिजिडूअल्स का प्रतिरूपण और पूर्वानुमान किया जाता है। अंततः, अरफिमा मॉडल से प्राप्त पूर्वानुमानित मानों तथा एएनएन मॉडल से प्राप्त रिजिडूअल्स के पूर्वानुमानों को एकीकृत कर अरफिमा एवं हाइब्रिड मॉडल के बीच पूर्वानुमान यथार्थताओं की तुलना की गई। परीक्षण अध्ययन से, विभिन्न माप सूचकांकों के आधार पर, अरफिमा मॉडल की तुलना में, प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल की श्रेष्ठता सिद्ध हुई। इस पद्धति को परिवर्ती स्वसमाश्रयी एवं गतिमान औसत अनुक्रमों के लिए कुछ अन्य मशीन लर्निंग तकनीकों का प्रयोग कर और अधिक विस्तारित किया जा सकता है ताकि मॉडल की व्यावहारिक वैधता को अच्छी तरह स्थापित किया जा सके।

कवक (फंगस) एथिलिया रोल्फसी द्वारा जनित मूंगफली तना सड़न रोग के आनुवंशिक कोड की खोज

डॉ मीर असिफ इकबाल, डॉ सारिका, डॉ दीपक सिंगला, श्री नीरज कुमार, डॉ अनिल राय और डॉ दिनेश कुमार, जे एयू, जूनागढ़ रूक्म एस तोमर, एम. वी. पराखिया, वी एम राठोड़, एस एम पदियार

मूंगफली (*एराचिस हाइपोगेइआ* एल.) एक महत्वपूर्ण तिलहन फसल है। कवक (फंगस) के कारण तना सड़न रोग उत्पन्न होता है और उत्पादकता का नुकसान (25-80%) होता है। इस रोग के लिए रासायनिक और जैविक नियंत्रण प्रभावकारी नहीं है, अतः नए कवकनाशकों के विकास के लिए तथा रोग उन्मूलन के लिए कार्यनीति बनाने हेतु पूर्ण जीनोम का अनुक्रमण करना तथा रोगजनकता और उसकी उग्रता के लिए जिम्मेदार जीन्स की पहचान करना आवश्यक है। जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात और भाकृअनुप-भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के वैज्ञानिकों की एक टीम ने विश्व में पहली बार तना सड़न कवक जीनोम (~73 Mb) को सफलतापूर्वक अनुक्रमित किया है और 16830 जीन्स की पहचान की है। अध्ययन में कवक रोगजनकता और उसकी उग्रता को भी दर्शाया गया है। इस कवक जीनोम को विश्व में पहली बार अनुक्रमित किया गया है। इसे नेचर पब्लिशिंग ग्रूप ऑफ जर्नल्स, साइंटिफिक रिर्पोट्स 7, आर्टिकल नंबर 5299 (2017) (https:www.nature.com/articles/s41598-017-05478-8) में प्रकाशित किया गया है। इस खोज से जीनोम आधारित समाधान, विशेष रूप से, तना सड़न रोग प्रबंधन के लिए नई पीढ़ी के कवकनाशक के अभिकल्पन का मार्ग प्रशस्त होगा जिसके कारण विश्व के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में मूंगफली फसल की बेहतर उत्पादकता प्राप्त होगी।



भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खण्ड 21 संख्या 02 अक्तूबर-दिसंबर, 2017

पुरस्कार एवं सम्मान

पुरस्कार

- डॉ. संतोष राठोड़ ने दिनांक 25 - 27 नवंबर, 2017 के दौरान भाकृअनुप-डीआरएमआर, भरतपुर में आयोजित भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसाइटी के 71वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में ''स्थानिक-कालिक काल श्रृंखला डाटा के प्रतिरूपण और पूर्वानुमान के लिए एक उन्नत दिक्काल स्वसमाश्रयी गतिमान औसत मॉडल'' शीर्ष शोध पत्र के लिए भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसाइटी से जी आर सेठ स्मृति युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किया।
- डॉ. कौस्तव आदित्य ने भारतीय कृषि अनुसंधान समिति और कृषि अनुसंधान संचार केंद्र (एआरसीसी), करनाल से ''कृषि विज्ञान गौरव'' पुरस्कार 2017 प्राप्त किया।
- डॉ. के के चतुर्वेदी ने कृषि और प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक विकास सोसाइटी (एसएसडीएटी), मेरठ द्वारा दिनांक 02 - 04 दिसंबर, 2017 के दौरान एमपीयूए एवं टी उदयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वैश्विक अनुसंधान पहल और स्थायी कृषि एवं संबद्ध विज्ञान सम्मेलन (जीआरआईएसएएएस-2017) में उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किया।
- श्री प्रकाश कुमार को नेताजी सुभाष-भाकृअनुप अंतरराष्ट्रीय अध्येतावृत्ति दी गई।

सम्मान

- डॉ. हुकुम चन्द्र ने म्यांमार में कृषि और ग्रामीण सांख्यिकी में सुधार लाने हेतु वैश्विक कार्यनीति के तहत दिनांक 15 - 21 नवंबर, 2017 के दौरान संयुक्त राष्ट्र के एफएओ के एक अंतरराष्ट्रीय परामर्शदाता के रूप में कार्य किया।
- डॉ. हुकुम चन्द्र राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (एनएसएसटीए), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार से आधिकारिक सांख्यिकी एवं संबद्ध कार्यपद्धति पर अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकी शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) नियमित पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली में दिनांक 26 दिसंबर, 2017 को आयोजित प्रशिक्षण दौरे के समन्वयक थे।
- डॉ. हुकुम चन्द्र राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (एनएसएसटीए), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के आईएसएस अधिकारियों के लिए उन्नत प्रतिचयन तकनीकों पर ग्रेटर नोएडा में दिनांक 04 - 08 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित एक साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 05 दिसंबर, 2017 को एक रिसोर्स पर्सन थे।
- डॉ. अर्पण भौमिक, डॉ. एल्दो वर्गीस, डॉ. सिनी वर्गीस एवं डॉ. सीमा जग्गी ने रन अनुक्रमों में न्यूनतम स्तर परिवर्तनों (वेब एफएमसी) के साथ उपादानी परीक्षणों के वेब सृजन पर कॉपीराइट प्राप्त किया [कॉपीराइट पंजीकरण संख्या : एसडब्ल्यू-9312/2017].
- डॉ. सिनी वर्गीस, डॉ. सीमा जग्गी डॉ. एल्दो वर्गीस एवं डॉ. अर्पण भौमिक ने पॉलीक्रॉस अभिकल्पनाओं (वेब पीडी) के वेब सृजन पर कॉपीराइट प्राप्त किया [कॉपीराइट पंजीकरण संख्या : एसडब्ल्यू-9311/2017].
- डॉ. वसी आमल ने सांख्यिकी विभाग, केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्द्रम, केरल में दिनांक 14 - 16 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित 21वीं शताब्दी के लिए सांख्यिकी पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दिनांक 16 दिंसबर, 2017 को प्रातःकाल 10.45 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक तकनीकी सत्र सं. 13सी (कोचीन हाल) की अध्यक्षता की।

भा.कृ.अनु.प.-भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खण्ड 21 संख्या 02 अक्तूबर-दिसंबर, 2017

- डॉ. के के चतुर्वेदी ने दिनांक 3 दिसंबर, 2017 को एमपीयूए एवं टी उदयपुर में जीआरआईएएएस-2017 में एक सत्र की अध्यक्षता की।
- डॉ. के के चतुर्वेदी दिनांक 18 - 30 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित तकनीकी कार्यक्रम समिति, अंतरराष्ट्रीय इन्फोकॉम प्रौद्योगिकियां एवं मानवरहित प्रणाली (आईसीटीयू 2017) के एक सदस्य थे।
- डॉ. तौकीर अहमद को अंतर-ज्ञानानुशासन सुदूर संवेदन और जीआईएस विभाग, एएमयू, अलीगढ़ के एम. एससी. छात्रों की दिनांक 14 दिसंबर, 2017 को मौखिक परीक्षा (वाइवा वोस) संचालित करने के लिए एएमयू, अलीगढ़ द्वारा एक बाह्य परीक्षक के रूप में नामित किया गया।
- डॉ. तौकीर अहमद को सांख्यिकी और प्रचालन अनुसंधान विभाग, एएमयू, अलीगढ़ के एम. एससी. छात्रों की दिनांक 16 दिसंबर, 2017 को वाइवा-वोस परीक्षा संचालित करने के लिए एएमयू, अलीगढ़ द्वारा एक बाह्य परीक्षक के रूप में नामित किया गया।
- डॉ. हुकुम चन्द्र दिनांक 27 दिसंबर, 2017 को आयोजित अखिल भारतीय वित्त समावेशन सर्वेक्षण (एनएएफआईएस), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), मुंबई के सलाहकार समिति के विशेषज्ञ थे।
- डॉ. अनु शर्मा ने संगणक विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में दिनांक 21 नवंबर, 2017 को आयोजित संगणन प्रौद्योगिकी एवं मशीन लर्निंग (एफआईसीटीएमएल-17) में भावी नवोन्मेषों पर राष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र की सह-अध्यक्षता की।
- डॉ. सौमेन पाल उत्तर बंगा कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के कृषि और बागवानी संकाय के पाठ्यक्रम शीर्षक ''कृषि-सूचनाविज्ञान और संगणक अनुप्रयोग'' के प्रश्न पत्र की सेटिंग के लिए एक बाह्य परीक्षक थे।

भरतपुर, राजस्थान में दिनांक 25 . 27 नवंबर, 2017 के दौरान आयोजित भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसाइटी का 71वां वार्षिक सम्मेलन

- डॉ. हुकुम चन्द्र ने एक संयुक्त शोध पत्र सत्र की अध्यक्षता की।
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने भारत में तोरिया-सरसों खेती पर एक आमंत्रित शोध-पत्र सत्र की अध्यक्षता की।
- डॉ. सुशील कुमार सरकार एवं डॉ. सुकांत दाश ने परीक्षण अभिकल्पनाओं पर एक संयुक्त शोध-पत्र सत्र की अध्यक्षता की।
- डॉ. सुशील कुमार सरकार ने एक पूर्णकालीन सत्र में एक रिपोर्चार के रूप में कार्य किया।
- डॉ. अनिंदिता दत्ता एवं मोह. हारून ने भारत में फसल बीमा पर सत्र के लिए रिपोर्चार के रूप में कार्य किया।
- डॉ. मुकेश कुमार किसान आउटरीच हेतु ई-लर्निंग और ई-पहल पर एक सत्र के संयोजक थे।

हैदराबाद में दिनांक 28 . 30 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारतीय सांख्यिकी संघ सम्मेलन

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने (i) रियल लाइफ सांख्यिकीय अभिकल्पनाओं में महत्वपूर्ण मुद्दों के योगदान और (ii) परीक्षण अभिकल्पनाओं में उन्नयनों पर आमंत्रित वार्ताओं के दो सत्रों की अध्यक्षता की।
- डॉ. के के चतुर्वेदी ने एक सत्र की अध्यक्षता की।
- डॉ. हुकुम चन्द्र एक आमंत्रित वार्ताकार थे।

- डॉ. हुकुम चन्द्र ने (i) लघु क्षेत्र आकलन और (ii) सर्वेक्षण कार्यपद्धति में उन्नयनों पर आमंत्रित तकनीकी सत्रों का संचालन किया।
- डॉ. हुकुम चन्द्र ने मिश्रित सर्वेक्षण डाटा के विश्लेषण में नवीनतम उन्नयनों पर आमंत्रित तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

परियोजनाएं:आरंभ की गई/पूर्ण की गई

- गेहूँ में कवक प्रतिरोध से संबद्ध प्रतिरक्षी जीन्स/क्यूटीएल की पहचान। बेसियन तकनीक का प्रयोग करते हुए काल श्रृंखला मॉडल्स का पैरामीटर आकलन (एजीईडीआईएएसआरआईएसआईएल201702200108) (डॉ. एम. ग्रोवर)।
- भारत में जल उपयोग के आर्थिकीकरण में सूक्ष्म सिंचाई की दक्षता - संभावित और अनुनवेषित राज्यों से लर्निंग (एजीईडीआईएएसआरआईसीओपी201702300109) (रविन्द्र सिंह शोखावत)।

मानव संसाधन विकास

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	शीर्षक	स्थान	दिनांक	प्रतिभागियों की सं.
1.	कृषि डाटा के प्रतिरूपण और पूर्वानुमान के लिए उन्नत सांख्यिकीय टूल्स और तकनीकें *पाठ्यक्रम निदेशक : डॉ. संतोष राठोड़* *सह-निदेशक डॉ. रविन्द्र सिंह शेखावत*	भाकृअनुप- भाकृसांअसं, नई दिल्ली	08-28 नवंबर, 2017	25
2.	कृषि सर्वेक्षणों में नवीनतम उन्नयन : सुदूर संवेदन और जीआईएस अनुप्रयोग *कार्यक्रम निदेशक : डॉ. प्राची मिश्रा साहू*	भाकृअनुप- भाकृसांअसं, नई दिल्ली	22 नवंबर, 2017 - 12 दिसंबर, 2017	09
3.	सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए प्रतिदर्श सर्वेक्षण और सर्वेक्षण डाटा विश्लेषण में नवीनतम उन्नयन *पाठ्यक्रम समन्वयक : डॉ. कौस्तव आदित्य* *पाठ्यक्रम सह समन्वयक : डॉ. अंकुर बिस्वास*	भाकृअनुप- भाकृसांअसं, नई दिल्ली	01 - 21 दिसंबर, 2017	25
4.	भाकृअनुप तकनीकी/प्रशासनिक कार्मिकों के लिए भाकृअनुप-ईआरपी *पाठ्यक्रम समन्वयक : डॉ. अंशु भारद्वाज* *डॉ. शशी दहिया*	भाकृअनुप- भाकृसांअसं, नई दिल्ली	22 - 27 दिसंबर, 2017	25

गतिविधियों के परिदृश्य

आयोजित सम्मेलन/कार्यशालाएं/सेमिनार/संगोष्ठियां/बैठकें

- भाकृअनुप-तोरिया-सरसों अनुसंधान निदेशालय, सेवर, भरतपुर, राजस्थान में दिनांक 25-27 नवंबर, 2017 के दौरान भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसाइटी के 71वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान किसानों के कल्याण के लिए सांख्यिकीय अभिकल्पनाओं,

आनुवंशिकी और जैवसूचना विज्ञान पर एक आमंत्रित शोध-पत्र सत्र का संचालन किया (संयोजक : राजेन्द्र प्रसाद एवं अमृत कुमार पॉल)।

- दिनांक 30 नवंबर-04 दिसंबर के दौरान समन्वयकों के रूप में ''एसएएस का प्रयोग करते हुए बहु-चर सांख्यिकीय विश्लेषण'' पर एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया (बी एन मंडल एवं सुकांत दाश)।
- हैदराबाद में दिनांक 28-30 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित आईआईएसए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में परीक्षण अभिकल्पनाओं में उन्नयनों पर एक आमंत्रित शोध-पत्र सत्र का संचालन किया (राजेन्द्र प्रसाद)।

प्रकाशन

अनुसंधान शोध पत्र

1. मुगावोंकर, पी, कुमार, एन आर, शेलर, जी, पालेंको, जे एफ, रामसुब्रमनियन, वी एवं बिरादर, आर एस (2017). पुणे शहर, भारत में पेंगासियस (पेंगासियनोडोन हिपोथ्थालमुस) (वेलेंसीयेन्नेस, 1840) उपभोग के लिए गैर-मूल्य कारकों और उपभोक्ता संव्यहार पर केस स्ट्डी, *फिशरी टेक्नोलॉजी,* 54, 279-286.
2. कौर, आर पी, चौधरी, बी एवं आलम, डब्ल्यू (2017). भारत के उत्तर-पश्चिम मैदानी क्षेत्रों में आलू की उपज और उपज संवर्धक विशेषकों के बीच साहचर्य। *इंडियन जर्नल ऑफ एग्रिकल्चरल साइंसिस,* 87 (10) : 1409-1411.
3. चौधरी, पी, मलहोत्रा, एस, भारद्वाज, सी, गायकवाड़, के, कौर, एस, चोपड़ा, एम, टंडन, जी, जयसवाल, एस, इकबाल, एम ए राय, ए, कुमार, डी, जेन, एस एवं प्रदीप के. (2017). काबुली चना में फ्यूसेरियम टॉक्सिन का ट्रांसक्रिप्टोम सिग्नेचर, जो मुरझान पाथवे और मार्कर खोज में सहायक है। *फिजियोलॉजीकल ऐंड मॉलीक्यूलर प्लांट पैथोलॉजी,* 100, 163-177.
4. टंडन, जी, सिंह, एस, कौर, एस, सारिका, इकबाल, एम ए, राय, ए एवं कुमार, डी (2017). सोलेनुम लाइकोपर्सिकुम में जैविक दबावों से संबद्ध जीन्स की इन सिलिको पहचान। *जीनोमिक्स डाटा,* 14, 82-90.
5. इकबाल, एम ए, जयसवाल, एस, महतो, ए के, जयसवाल, पी के, अंगदी, यू बी, कुमार, एन, शर्मा, एन एस, श्रीवास्तव, ए, प्रकाश, एम, सिंह, जे संजय, के, खान, के, मिश्रा, आर के, शेलेन्द्र, आर, बाजपई, ए, संध्या, बी एस, निश्चिता, पी, रविशंकर, के वी, दिनेश, एम आर, राय, ए, कुमार, डी, शर्मा, टी, सिंह, आर, नगेन्द्र, के (2017). पादप-भूविज्ञान और किस्मगत विभेदन के लिए उष्णकटिबंधीय पारिस्थितिकी के फल आम (मैग्नीफेरा इंडिका एल.) का एक वेब आधारित जीनोमिक संसाधन। *नेचर साइंटिफिक* रिपोर्ट्स 7, लेख सं. : 14968 (2017).
6. डे, एस के, चक्रवर्ती, बी, प्रसन्ना, आर, सिंह, एस डी, पुराकायस्त, टी जे दत्ता, ए एवं पाठक, एच (2017). विभिन्न फास्फोरस स्तरों और साइनोबैक्टीरिया इनोकुलेशन पर संवर्धित कार्बन डाइऑक्साइड के साथ मूंगबीन (विग्ना रेडियेटा) की उत्पादकता। *लेग्यूम रिसर्च,* 40 (3), 497-505.
7. जियार, वाई के, दास, टी के, हाकिमी, ए आर, शेखावत, के एवं पॉल, ए के (2017). कंधार, अफ़गानिस्तान की अर्द्ध-शुष्क स्थितियों के तहत गेहूँ (ट्राइटिकुम ऐस्टिवुम) में रासायनिक खरपतवार प्रबंधन। *इंडियन जर्नल ऑफ एग्रोनोमी,* 62 (3), 359-362.
8. डेफो, सी, कोर, आर, भारद्वाज, ए, लाल, के एवं कुमार, पी (2017). बढ़ती आर्द्रभूमि संदूषक गतिकियों के लिए मॉडलिंग पद्धतियां, *इन्वॉयरमेंटल साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी* में क्रिटिकल रिव्यूज, डीओआई : 10.1080/10643389.2017.1350126.

9. सक्सेना, आर, सिंह, एन पी, चौधरी, बी बी, बालाजी, एस जे, पॉल, आर के, अहूजा, यू, जोशी, डी, कुमार, आर एवं खान, एम ए (2017). क्या किसानों की आय में वृद्धि करने में पशुधन क्षेत्र अहम भूमिका निभा सकता है? डेयरी क्षेत्र में विशेष रूप से केंद्रित रहते हुए प्राथमिकताओं का पुनः अभिनिर्धारण। *एग्रिकल्चरल इकोनोमिक्स रिसर्च रिव्यू,* 30, 59-76.

10. सिंह, आई. स्मिता, एस, मिश्रा, डी सी, कुमार, एस, सिंह, बी के एवं राय, ए (2017). ब्रासिका जुनसिया में अजैविक दबाव अनुक्रियाशील माइक्रो आरएनए-लक्ष्य नेटवर्क और संबद्ध मार्कर्स (एसएसआर एवं एसएनपी)। *फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस।* https://doi.org/10.3389/fpls.2017.01943.

11. सिंह, ए एवं शर्मा, ए (2017). एमएआईसीबीआर : एक मल्टी-एजेंट इंटेलिजेंट कन्टेंट आधारित संस्तुति प्रणाली। स्प्रिंगर लेक्चर नोट्स इन नेटवर्क्स ऐंड सिस्टम्स, 10, 399-411.

12. जयसवाल, एस, सोनिया, एस, अरोड़ा, वी, अंगदी, यू बी, इकबाल, एम ए, अनेजा, आर, भारती, एन, कुमार डी, खोकर, आर एस, शर्मा, पी, सिंह, जी पी, राय, ए, तिवारी, आर एवं कुमार, डी (2017). किस्मगत सुधार और प्रबंधन के लिए प्यूटेटिव माइक्रोसेटलाइट डीएनए मार्कर आधारित गेहूँ जीनोमिक संसाधन। *फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंसिस।*

13. गायकवाड, एन एन, पाल, आर के, सुर्यवंशी, एस, बाबू, के डी, मेती, ए एवं सरकार, एस के (2017). अनार (पुनिका ग्रेनेटुम) (किस्म भगवा) रस के जैव सक्रिय कम्पाउंड्स के प्रतिधारण पर निष्कर्षण विधि और तापीय प्रक्रम का प्रभाव। *इंड. जर्न. एग्रि. साइं.,* 87, (11) 1445-1452.

14. दत्ता, ए, जग्गी, एस, वर्गीस, ई, वर्गीस, सी, भौमिक, ए एवं मोह. एच (2017). लुप्त प्रेक्षण (णों) के विरूद्ध सामान्यीकृत पंक्ति-स्तंभ अभिकल्पनाओं की उत्कृष्टता। *बायोमैट्रिकल आर्टिकल।* https://www.biotecharticles.com/Biotech-Research-Article/Robustness-of-GRC-Designs-Against-Missing-Observation-s-4228.html.

15. रामसुब्रमनियन, वी, अनंतन, पी एस, कृष्णन, एम एवं विनय, ए (2017). मात्स्यकी क्षेत्र में प्रौद्योगिकी पूर्वानुमान : क्रॉस इम्पेक्ट अनालिसिस ऐंड सबस्टिट्यूशन मॉडलिंग। *जर्नल ऑफ दि इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रिकल्चरल स्टैटिस्टिक्स,* 71 (3), 231-239.

16. विनय, ए, रामसुब्रमनियन, वी, अजीज, पी ए, कुमार, आर एवं कुमार, डी के (2017). एंड्रोथ, लक्षद्वीप में ट्रॉल लाइन फिशरीज का आर्थिक विश्लेषण। *इंट. जे. करं. माइक्रोबायोल. एप्प. साइं.,* 6 (11), 3172-3179.

17. राय, एम, राय, ए, सिंह, के एन एवं रामसुब्रमनियन, वी (2017). आनुवंशिक एल्गोरिथ्म से संवर्धित एक ग्रे मॉडल का प्रयोग करते हुए हाइब्रिड चावल उपज का प्रतिरूपण और पूर्वानुमान। *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एग्रिकल्चरल ऐंड स्टैटिस्टिकल साइंसिस,* 13 (2), 563-566.

18. राठोड़, एस, सिंह, के एन, आर्या, पी, राय, एम, मुखर्जी, ए, सिन्हा, के, कुमार, पी एवं शेखावत, आर एस (2017). एरिमा-आनुवंशिक एल्गोरिथ्म पद्धति का प्रयोग करते हुए मक्का उपज का पूर्वानुमान। *आउटलुक ऑन एग्रिकल्चर,* 46 (4), 265-271.

19. राठोड़, एस, सिंह, के एन, आर्या, पी राय, एम, मुखर्जी, ए, सिन्हा, के एवं कुमार, पी (2017). एरिमा-आनुवंशिक एल्गोरिथ्म पद्धति का प्रयोग करते हुए मक्का उपज का पूर्वानुमान। *आउटलुक ऑन एग्रिकल्चर,* 46 (4), 265-271.

20. राठोड़, एस, मिश्रा, जी सी एवं सिंह, के एन (2017). कर्नाटक राज्य में केले के उत्पादन के पूर्वानुमान के लिए हाइब्रिड काल श्रृंखला मॉडल्स। *जर्नल ऑफ दि इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रिकल्चरल स्टैटिस्टिक्स,* 71 (3), 193-200.

21. घोष, एच (2017). वंशागतित्व के स्थायी आकलन के लिए अलाम्बिक इष्टतम आंशिक डायलल क्रॉस अभिकल्पनाएं। *जे. जापन स्टैटिस्ट.,* 47 (1), 37-58.

22. रॉय, एस एस, पॉल, आर के, भर, एल एम एवं कुमार, ए (2017). यादृच्छिक इंटरसेप्ट्स के साथ बेसियन लॉजिस्टिक समाश्रयण के द्वारा मॉडलिंग बाइनरी डाटा। *जर्नल ऑफ दि इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रिकल्चरल सटैटिस्टिक्स,* 71 (3), 207-215.

23. दहिया, एस, हांडा, एस एस एवं सिंह, एन पी (2017). ऋण जोखिम मूल्यांकन के लिए एक फ़ीचर सिलेक्शन समर्थित हाइब्रिड-बैगिंग एल्गोरिथ्म। विशेषज्ञ-तंत्र - *दि जर्नल ऑफ नॉलेज इंजिनियरिंग,* 34 (6).

24. मित्तल, एस, मल्लिकार्जुन, एम जी, राव, ए आर, जैन, पी ए, दाश, पी के एवं नेपोलियन, टी (2017). मक्का, अराबिडोप्सिस, चावल एवं ज्वार में सीडीपीके परिवार के तुलनात्मक विश्लेषण से सूखा सहिष्णुता सुधार के लिए संभावित लक्ष्य परिलक्षित हुए। *फ्रंटियर्स इन केमिस्ट्री : एग्रिकल्चरल बायोलॉजीकल केमिस्ट्री,* 5, 115, doi: 10.3389/fchem.2017.00115.

25. फैसल, एस, मणि, आई, गुप्ता, आर के, शाहू, पी के, झा, एस के, सिंह, बी, सरकार, एस के एवं खुरा, टी के (2017). सैब खली मिश्रित स्नैक्स के ट्विन स्क्रू एक्सट्रजन का अनुक्रिया पृष्ठ विश्लेषण और प्रक्रम का इष्टतीकरण। *इंड. जे. जर्न. एग्रि. साइं.,* 87 (11), 1499-1506.

26. कृष्ण कुमार पी, मणि, आई, गुप्ता, आर के, कुमार, ए, झा, एस के सिंह, बी, सरकार, एस के एवं लान्डे, एस डी (2017). बर्नयार्ड कदन्न आधारित न्यूट्री-फंक्शन्ल स्नैक फूड का विकास : एक अनुक्रिया पृष्ठ कार्यपद्धति। *इंड. जे. जर्न. एग्रि. साइं.,* 87 (11), 1430-1436.

27. सुन्द्रम, पी के, मणि, आई, कुमार, ए, लान्डे, एस डी सुशील के सरकार, के एम मंजया, आर एन साहू एवं सुदीप के लाल (2017). गेहूँ (ट्राइटिकुम ऐस्टिवुम) में जड़ और प्ररोह विकास पर परिवर्ती गहराइयों पर तरल यूरिया अमोनियम नाइट्रेट अनुप्रयोग का प्रभाव। *इंड. जे. जर्न. एग्रि. साइं.,* 87 (11), 1288-1294.

28. सिंह, ए, दास, ए, सिंह, सी वी, धर, एस, सुधिश्री, दास, के एवं सरकार, एस के (2017). विभिन्न रोपण विधियों, सिंचाई अनुसूचियों और मृदा सहायक अनुप्रयोगों के तहत एरोबिक चावल (ओराजा सैटाइवा एल.) का विकास, उत्पादकता और पोषकतत्व मात्रा। *एन. एग्रि. रिस.,* 38 (4), 368-374.

29. कुमार, एस, सिसोदिया, बी वी एस, सिंह, डी एवं बसाक, पी (2017). रेशो सुपर पॉप्यूलेशन मॉडल के तहत सर्वेक्षण प्रतिचयन में पूर्ण परिमित समष्टि के आकलन के लिए विभिन्न पद्धतियां। *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एग्रिकल्चरल ऐंड स्टैटिस्टिकल साइंसिस,* 13 (2), 677-682.

30. कुमार, एस, सिसोदिया, बी वी एस, सिंह, डी एवं बसाक, पी (2017). अध्ययन चर और सहायक चर के व्युतकर्म रूप से संबद्ध होने की स्थिति में सुपर पॉप्यूलेशन मॉडल के तहत पूर्ण परिमित समष्टि का अंशांकन पद्धति आधारित आकलन। *जर्नल ऑफ रिलाइबिलिटी ऐंड स्टैटिस्टिकल स्टडीज,* 10 (2), 83-93.

पुस्तकों के अध्याय

- देब, सी के, मारवाह, एस, अरोड़ा, ए एवं दास, एम (2017). वर्गीकीविज्ञान डाटा से ऑन्टोलॉजी लर्निंग के लिए एक फ्रेमवर्क : अग्रवाल वी, भटनागर वी, मिश्रा डी (संपादक) बृहत आंकड़ा विश्लेषण। एडवांसिस इन इंटेलिजेंट सिस्टम्स ऐंड कम्प्यूटिंग, वॉल्यू. 654. पीपी 29-37, स्प्रिंगर, सिंगापुर।
- शर्मा ए एवं सिंह ए। आईजीएल ग्लोबल द्वारा आगामी पुस्तक ''मल्टीडिसिप्लीनरी अप्रोचिज टू सर्विस-ओरिएंटेड इंजीनियर'' में अनुकूलनीय वेब के लिए इंटेलिजेंट सिमेंटिक पद्धतियां (संप्रेषित)।

- मिश्रा डी सी, लाल एस बी, शर्मा ए, कुमार एस, बुढ़लाकोटी एन, राय ए (2017). पादप जीनोम्स के अनुक्रमण और असेम्बली के लिए कार्यनीतियां और टूल्स : कुमार चक्रवर्ती एस, जाइ सी, कुमार तिवारी जे (संपादक)। दि पटेटो जीनोम। कम्पेन्डियम ऑफ प्लांट जीनोम्स। स्प्रिंगर, कैम. पृष्ठ सं. 81-94 DOI: https://doi.org/10.1007/978-3-319-66135-3_5. पब्लिशर का नाम : स्प्रिंगर, कैम. प्रिंट आईएसबीएन : 978-3-319-66133-9. ऑनलाइन आईएसबीएन : 978-3-319-66135-3. ई-बुक पैकेजिज : बायोमेडिकल एंड लाइफ साइंसिस।

लोकप्रिय लेख

- अनु शर्मा, ज्योतिका भाटी, एस बी लाल, के के चतुर्वेदी, एम एस फारूकी एवं अनिल राय द्वारा लिखित शोध पत्र ''संगणनात्मक विधियों के द्वारा अरहर में माइक्रो आरएनए की पहचान'' को विज्ञान प्रकाश में जमा किया गया।

मैनुअल/संदर्भ मैनुअल/ई.मैनुअल/पम्फलेट

- मॉडलिंग और पूर्वानुमान कृषि डाटा के लिए उच्च सांख्यिकीय टूल्स एवं तकनीकें। प्रशिक्षण मैनुअल-I, भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली (संतोष आर एवं शेखावत आर एस)।
- एस ए एस के द्वारा बहुचर सांख्यिकीय विश्लेषण। हिंदी कार्यशाला ई-मैनुअल (बी एन मंडल एवं सुकांत दाश (2017).
- कृषि में जैवसूचना विज्ञान के नवीनतम उन्नयन : एक व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य। भाकृअनुप, नई दिल्ली के एचआरएम एकक द्वारा प्रायोजित संदर्भ मैनुअल का वॉल्यूम I और वॉल्यूम II. (मिश्रा डीसी एवं बुढ़लाकोटी एन)।
- कृषि में जैवसूचना विज्ञान के नवीनतम उन्नयन : भाकृअनुप, नई दिल्ली के एचआरएम एकक द्वारा प्रायोजित एक व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य ई-मैनुअल (सीडी)।
- सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए डाटा विश्लेषण। सीएएफटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संदर्भ मैनुअल का वॉल्यूम I और वॉल्यूम II. (कौस्तव आदित्य एवं अंकुर बिस्वास)।
- सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए प्रतिदर्श और सर्वेक्षण डाटा विश्लेषण में नवीनतम उन्नयन। सीएएफटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए ई-मैनुअल का प्रकाशन किया (कौस्तव आदित्य एवं अंकुर बिस्वास)।
- कृषि सर्वेक्षणों में नवीनतम उन्नयन : सुदूर संवेदन और जीआईएस अनुप्रयोग। अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) सदस्य देशों के प्रतिभागियों के लिए भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली में दिनांक 22 नवंबर - 12 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए संदर्भ मैनुअल। (प्राची मिश्रा साहू एवं तौकीर अहमद)।

ई-पुस्तक

- राठोड़, संतोष एवं आर एस शेखावत (2017). कृषि डाटा की मॉडलिंग और पूर्वानुमान के लिए उन्नत सांख्यिकीय टूल्स और तकनीकें, भाकृअनुप-भाकृसांअसं, नई दिल्ली।

लीफलेट ब्रोशर

- कृषि डाटा की मॉडलिंग और पूर्वानुमान के लिए उन्नत सांख्यिकीय टूल्स और तकनीकें (दिनांक 8-28 नवंबर, 2017) (संतोष राठोड़ एवं आर एस शेखावत)।

आर पैकेज

- बी एन मंडल, सुकांत दाश एवं राजेन्द्र प्रसाद (2017)। सीआरएएन पर आर पैकेज Adoptbdtvc (https://cran.r-project.org/web/packages/Adoptbdtvc/index.html).

प्रस्तुत व्याख्यान

संस्थान से बाहर

- कृषि अर्थशास्त्र प्रभाग, भाकृअनुप-भाकृअसं, नई दिल्ली में दिनांक 23 सितंबर - 13 अक्तूबर, 2017 के दौरान आयोजित ''किसानों की आय को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और नीति विकल्प'' पर सीएएफटी प्रशिक्षण में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में आर्च एवं गार्च का अनुप्रयोग (डॉ. अचल लामा)।
- भाकृअनुप-आईआईडब्ल्यूबीआर, करनाल द्वारा दिनांक 03 - 12 अक्तूबर, 2017 के दौरान आयोजित ''फसलों में आनुवंशिक संवर्धन के लिए एनजीएस डाटा का दोहन'' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में (i) जीनोम असेम्बली और (ii) मेटाजीनोम विश्लेषण पर आमंत्रित व्याख्यान (डॉ. एम. ए. इकबाल)।
- भाकृअनुप-आईआईडब्ल्यूबीआर, करनाल द्वारा दिनांक 03 - 12 अक्तूबर, 2017 के दौरान आयोजित ''फसलों में आनुवंशिक संवर्धन के लिए एनजीएस डाटा का दोहन'' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में (i) डाटा परिष्करण और पूर्व-प्रसंस्करण, (ii) माइक्रो आरएरए की पहचान और इसके लक्षित पूर्वानुमान तथा (iii) ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण पर आमंत्रित व्याख्यान (डॉ. सारिका)।
